"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ"

<u>ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय को मिला शिक्षा के क्षेत्र में "एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड - 2018"</u>

ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में "एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड **- 2018"** से सम्मानित किया गया। ये अवार्ड ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय को "शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा किये गए उल्लेखनीय योगदान "के वर्ग में दिया गया है। ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन जेवीएन माननीया विदुषी गर्ग जी ने यह अवार्ड कल नई दिल्ली के पार्क होटल में आयोजितए एक भव्य समारोह में प्राप्त किया।

समारोह उपरान्त विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन जेवीएन माननीया विदुषी गर्ग जी ने कहा कि, "एजुकेशन लीडरशिप अवार्ड - **2018"** सेसम्मानित होना बड़े गौरव की बात है। ये अवार्ड न सिर्फ विश्वविद्यालय के लिए बल्कि विश्वाविद्यालय की उन छात्राओं को समर्पित है जिन्होंने विश्वविद्यालय में रहकर अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की और अपने कार्यक्षेत्र में जाकर न सिर्फ अपने माता पिता का नाम रोशन किया बल्कि अपने विश्वविद्यालय का नाम भी ऊंचा किया।"

आपको बता दे इससे पहले भी विश्वविद्यालय को पूर्व में कई नामी पुरुस्कारों से नवाज़ा जा चुका है जिनमे प्रमुखतः "नेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड - **2016,"** नेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड - **2017",** रांची यूनिवर्सिटी द्वारा "एक्सीलेंट विमेंस यूनिवर्सिटी "अवार्डए डीएनए इनोवेटिव अवार्ड - मुंबई द्वारा "आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रिब्यूशन टू एजुकेशन "अवार्ड, इंडियन एसोसिएशन फॉर दी ब्लाइंड द्वारा "गोल्ड जोन अवार्ड " एवं बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया और बार कौंसिल ऑफ़ राजस्थान द्वारा भी विश्वविद्यालय को अवार्ड प्राप्त हो चुके है।